पत्रांक सं0–2प0/वि०–17–02/2026(खंड–02)/ 19(स्वी०)/पं०रा०

**बिहार सरकार**

**पंचायती राज विभाग**

प्रेषक,

**नजर हुसैन,**
अपर सचिव

सेवा में,

**महालेखाकार, बिहार,**
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना, दिनांक 19/6/2026

विषयः **वित्तीय वर्ष 2026–27 में ग्राम पंचायत में सरकारी भूमि पर अवस्थित मोक्ष धाम/शवदाह गृह/श्मशान घाट/कब्रिस्तान के संचालन/रख रखाव एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने से संबंधित विषय पर प्रशिक्षण हेतु कुल ₹23,78,114.00 (तेईस लाख अठहत्तर हजार एक सौ चौदह रूपये) मात्र की राशि की स्वीकृति।**

**आदेशः स्वीकृत।**

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार राज्य पंचायत संसाधन संस्था (BSPRI), पटना के गै०स० प्रेषण दिनांक 28.04.2026 द्वारा ग्राम पंचायत में सरकारी भूमि पर अवस्थित मोक्ष धाम/शवदाह गृह/श्मशान घाट/कब्रिस्तान के संचालन/रख–रखाव एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने के विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम से संबंधित राज्य एवं जिलों से प्राप्त एजेंसियों के द्वारा किये गये व्यय के विपत्र के भुगतान हेतु कुल ₹71,24,843.00 (इकहत्तर लाख चौबीस हजार आठ सौ तैंतालीस रूपये) मात्र की राशि उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है।

2. उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य योजना मद अंतर्गत विपत्र कोड 16–2515000010102 के "विषय शीर्ष–20.03–प्रशिक्षण व्यय" में कुल ₹5.00 करोड़ रूपये मात्र की राशि का बजट प्रावधान कराया गया है। वित्त विभागीय पत्रांक 380 दिनांक 20.04.2026 (पृष्ठ संख्या 135–134/प० पर रक्षित) के आलोक में उक्त बजट शीर्ष में 33 प्रतिशत की चौमाही प्रतिशत बंधेज निर्धारित है। तदनुसार उक्त के आलोक में सम्प्रति विपत्र कोड 16–2515000010102 के "विषय शीर्ष–20.03–प्रशिक्षण

व्यय" में बजट सीलिंग की अधिसीमा में कुल ₹1.65 करोड़ रूपये मात्र की राशि का बजट उपलब्ध है, जिसमें से कुल ₹1.4122 करोड़ रूपये मात्र की राशि की निकासी/व्यय किया गया है एवं ₹0.2378 करोड़ (तेईस लाख अठहत्तर हजार रूपये) मात्र की राशि का ही बजट उपलब्ध है।

3. उक्त के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026–27 में ग्राम पंचायत में सरकारी भूमि पर अवस्थित मोक्ष धाम/शवदाह गृह/श्मशान घाट/कब्रिस्तान के संचालन/रख–रखाव एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने के विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम से संबंधित राज्य एवं जिलों से प्राप्त एजेंसियों के द्वारा किये गये व्यय के विपत्र के भुगतान हेतु बजट उपबंध की अधिसीमा में कुल ₹23,78,114.00 (तेईस लाख अठहत्तर हजार एक सौ चौदह रूपये) मात्र की राशि की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

4. इस स्वीकृत राशि की निकासी वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य स्कीम मद अंतर्गत "मुख्य शीर्ष–2515–अन्य ग्राम विकास कार्यक्रम–उप मुख्य शीर्ष–00–लघु शीर्ष–001–निदेशन एवं प्रशासन–उप शीर्ष–0102–जिला पंचायत की स्थापना" मद के विषय शीर्ष '0102.20.03–प्रशिक्षण व्यय' इकाई से किया जायेगा। इसका मांग सं०–16 एवं विपत्र कोड 16–2515000010102 है।

5. इस स्वीकृत राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संयुक्त सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना होंगे, जो राशि की निकासी विकास भवन, नया सचिवालय कोषागार से करते हुए CFMS के माध्यम से परियोजना निदेशक, बिहार राज्य पंचायत संसाधन संस्था (BSPRI) के पी०एल० खाता संख्या PBBPLA030 में अंतरित करेंगे।

6. परियोजना निदेशक, बिहार राज्य पंचायत संसाधन संस्था (BSPRI) का दायित्व होगा कि इस स्वीकृत राशि का व्ययोपरांत उपयोगिता प्रमाण–पत्र विहित प्रपत्र में नियमानुसार पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना के माध्यम से महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), बिहार, पटना के कार्यालय में समायोजित कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।



लगातार....

7. इस राशि की निकासी के लिए विभाग द्वारा अलग से आवंटनादेश निर्गत किया जायेगा। राशि के निकासी एवं व्यय में किसी प्रकार की अनियमितता/विचलन पायी जाती है तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की होगी।

8. वित्त विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक 7355 दिनांक 05.10.2007 के आलोक में राशि की निकासी हेतु महालेखाकार कार्यालय से प्राधिकार–पत्र की आवश्यकता नहीं है।

9. इस स्वीकृत्यादेश पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–2प0/वि०–17–02/2026(खंड–02) के पृष्ठ 28/टि० पर दिनांक 16/06/26 को प्राप्त है।

10. इस स्वीकृत्यादेश पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन संचिका संख्या–2प0/वि०–17–02/2026(खंड–02) के पृष्ठ 29/टि० पर दिनांक 17/06/26 को प्राप्त है।

11. इस स्वीकृत्यादेश का प्रत्येक पृष्ठ अपर सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना द्वारा हस्ताक्षरित है।

विश्वासभाजन

19/6/26

(नजर हुसैन)

अपर सचिव

**ज्ञापांक**: 2प०/वि०–17–02/2026(खंड–02)/1960/पं०रा० पटना, दिनांक 19/6/26

**प्रतिलिपिः** प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/6/26

(नजर हुसैन)

अपर सचिव

**ज्ञापांकः** 2प० / वि०–17–02 / 2026(खंड–02) / 19(ह०) / पं०रा० पटना, दिनांक 19/6/26

**प्रतिलिपिः** परियोजना निदेशक, बिहार राज्य पंचायत संसाधन संस्था (BSPRI), बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/- 19/6/26
(नजर हुसैन)
अपर सचिव

**ज्ञापांकः** 2प० / वि०–17–02 / 2026(खंड–02) / 19(ह०) / पं०रा० पटना, दिनांक 19/6/26

**प्रतिलिपिः** माननीय मंत्री के आप्त सचिव / प्रभारी पदाधिकारी–05 (बजट शाखा), 06 एवं 07 (उपयोगिता प्रमाण–पत्र कोषांग) / संयुक्त सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/- 19/6/26
(नजर हुसैन)
अपर सचिव

**ज्ञापांकः** 2प० / वि०–17–02 / 2026(खंड–02) / 19(ह०) / पं०रा० पटना, दिनांक 19/6/26

**प्रतिलिपिः** आई०टी० मैनेजर, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

ह०/- 19/6/26
(नजर हुसैन)
अपर सचिव